
Happy Doctor's Day


TOILET
CELEBRATION CAKE






BMD TEST
बोन मिनरल डेन्सिटी टेस्ट



दैनिक भास्कर
epaper.dainikbhaskarup.com
02 Jul 2025 - Lucknow10

# नि:शुल्क शिविर लगाकर किया 50 लोगों का बीएमडी टेस्ट

भास्कर ब्यूरो

**मीरजापुर।** विश्व चिकित्सक दिवस के अवसर पर एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड हॉस्पिटल चुनार में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों जनरल मेडिसिन डॉ. अंकुश प्रकाश, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा सिंह, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल सिंह, शल्य तंत्र विशेषज्ञ डॉ. निलेश दुबे, कायचिकित्सा विभाग से डॉ. गौरी चौहान तथा डॉ. आकांक्षा कपूर सहित आयुर्वेद, फार्मेसी, पैरामेडिकल और नर्सिंग विभाग के सदस्यों ने केक काटकर इस दिन को मनाया एवं चिकित्सकों के अमूल्य योगदान को नमन किया। इस अवसर पर नि:शुल्क बोन मिनरल डेन्सिटी (बीएमडी) शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें वृद्धावस्था में हड्डियों की मजबूती, फ्रैक्चर से बचाव, वर्टिब्रल कद में कमी, कूबड़ (कायफोसिस) जैसी समस्याओं से सुरक्षा हेतु नागरिकों की जांच की गई। 50 नागरिकों संग हॉस्पिटल स्टाफ एवं छात्र-छात्राओ ने नि:शुल्क सेवा का लाभ उठाया। एपेक्स के ट्रस्टी डॉ . एस. के. सिंह ने सभी चिकित्सकों को डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए उनके समर्पण और सेवा भावना की सराहना की। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक एवं समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहे।



## डा मीना जैन व डा आरसी दुआ को चिकित्सा रत्न सम्मान

**मीरजापुर।** यूपी नर्सिंग होम एसोसिएशन मिर्जापुर शाखा के अध्यक्ष डॉ ओ पी बरनवाल व सचिव डॉ अरविंद श्रीवास्तव ने शाखा सदस्य चिकित्सक डॉ मीना जैन स्त्री रोग विशेषज्ञ एवम डॉ आरसी दुआ नेत्र रोग विशेषज्ञ को चिकित्सा रत्न सम्मान से सम्मानित किया। जिला शाखा के सभी सदस्यगण ने डॉ जैन व डॉ दुआ को शुभकामनाएं और बधाई दी है।

## धड़कन को नया अर्थ देता है डाक्टर : डा एके कौशिक

पॉपुलर ग्रुप आफ हास्पिटल के चेयरमैन डा एके कौशिक ने कहा है कि एक डॉक्टर सिर्फ इलाज नहीं करता, वह उम्मीद जगाता है, जीवन लौटाता है और हर धड़कन को नया अर्थ देता है। डाक्टर कौशिक ने सभी डॉक्टर्स को धन्यवाद देते हुए कहा है कि "आप सभी डॉक्टर न सिर्फ अस्पताल की शक्ति हैं, बल्कि समाज की असली प्रेरणा भी हैं। आपकी सेवा, समर्पण और करुणा के लिए हम सदैव आभारी हैं।"

# केक काटकर मनाया डॉक्टर्स डे

मीरजापुर। विश्व चिकित्सक दिवस के अवसर पर एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड हॉस्पिटल चुनार में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों जनरल मेडिसिन डॉ. अंकुश प्रकाश, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा सिंह, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल सिंह, शल्य तंत्र विशेषज्ञ डॉ. निलेश दुबे, कायचिकित्सा विभाग से डॉ. गौरी चौहान तथा डॉ. आकांक्षा कपूर सहित आयुर्वेद,



फार्मेसी, पैरामेडिकल और नर्सिंग विभाग के सदस्यों ने केक काटकर इस दिन को मनाया एवं चिकित्सकों के अमूल्य योगदान को नमन किया। इस अवसर पर निरूशुल्क बोन मिनरल डेन्सिटी (बीएमडी) शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें वृद्धावस्था में हड्डियों की मजबूती, फ्रैक्चर से बचाव, वर्टिब्रल कद में कमी, कुबड (कायफोसिस) जैसी समस्याओं से सुरक्षा हेतु नागरिकों की जांच की गई। 50 नागरिकों संग हॉस्पिटल स्टाफ एवं छात्र–छात्राओ ने नि:शुल्क सेवा का लाभ उठाया। एपेक्स के ट्रस्टी डॉ . एस. के. सिंह ने सभी चिकित्सकों को डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए उनके समर्पण और सेवा भावना की सराहना की। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक एवं समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहे।

ाया अर्थ देता
एके कौशिक




# एपेक्स ट्रस्ट हॉस्पिटल में मनाया डॉक्टर्स-डे

AMAR UJALA 2.7.25



**मिर्जापुर (वि)** विश्व डॉक्टर्स डे के मौके पर एपेक्स वेलफेयर ट्रस्ट की ओर अपने संस्थान में विशेष आयोजन किया गया। इसी कड़ी में मिर्जापुर स्थित एपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसन एंड हॉस्पिटल चुनार में विभिन्न विभागों के डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ की ओर से केक काटकर डॉक्टर्स डे मनाया गया। एपेक्स के ट्रस्टी डॉ एनके सिंह ने सभी चिकित्सकों को बधाई दी। इस मौके पर विशेषज्ञ जनरल मेडिसन डॉ अंकुश प्रकाश, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ पूजा सिंह, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ राहुल सिंह, शल्य तंत्र विशेषज्ञ डॉ निलेश दुबे, काया चिकित्सा विभाग से डॉ गौरी चौहान और आकांक्षा कपूर एवं नर्सिंग स्टाफ ने 50 से अधिक नागरिको को निशुल्क परामर्श दिया।